<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–19 जनवरी 2026</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुवाहाटी–रोहतक और डिब्रूगढ़–लखनऊ रेल मार्ग के लिए दो नई अमृत भारत एक्सप्रेस का किया उद्घाटन। कहा– इन ट्रेनों के संचालन से आर्थिक और सामाजिक विकास को मिलेगी गति।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र के तहत औद्योगिक इकाई और मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए निवेशकों को दिया भूमि आवंटन पत्र। कहा–संभावनाओं से आगे बढ़ कर परिणामों का प्रतीक बन चुका है उत्तर प्रदेश।
- आज से उत्तर प्रदेश विधानसभा में शुरू हो रहा है अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों का छियासीवां सम्मेलन–एआईपीओसी। उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करेंगे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला।
- प्रदेश भर में ठंड और कोहरे का प्रभाव जारी। आज भी कहीं कहीं घना कोहरा पड़ने की है संभावना।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल असम के नागांव जिले के कलियाबोर से गुवाहाटी–रोहतक और डिब्रूगढ़–लखनऊ के लिये दो नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि इन ट्रेनों के संचालन से पूर्वोत्तर के इन राज्यों से न सिर्फ दूरी कम होगी बल्कि इन राज्यों के आर्थिक और सामाजिक विकास को गति मिलेगी।

**दो अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की शुरुआत की जा रही है। इन ट्रेनों के रास्ते में असम, पश्चिम बंगाल, बिहार और उत्तर प्रदेश के कई महत्वपूर्ण स्टेशन शामिल है जिससे लाखों यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। यह ट्रेनें असम के व्यापारियों को नए बाजारों से जोड़ेगी।**

प्रधानमंत्री ने कनेक्टविटी को मजबूत करने के प्रयासों का जिक्र करते हुए कहा कि रोडवेज, रेलवे, एयरवेज और वाटरवेज के माध्यम से देश को जोड़ने का काम जारी है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल शाम यमुना एक्सप्रेस–वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र के अंतर्गत इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड, एसेंट सर्किट, अंबर इंटरप्राइजेज एवं बोधिसत्व चैरिटेबल ट्रस्ट को औद्योगिक इकाई व मेडिकल कॉलेज के लिए भूमि आवंटन पत्र दिया। इस अवसर पर निवेशकों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे प्रदेश में निवेश के लिए उत्साहित हैं। एक रिपोर्ट–

**निवेशकों ने कहा कि प्रदेश सरकार और यमुना एक्सप्रेस–वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की ओर से हरसंभव सहयोग प्राप्त हो रहा है। इससे अन्य प्रदेशों की अपेक्षा उत्तर प्रदेश में सबसे तेज गति से विकास कार्यों को बढ़ाया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उद्यमियों से संवाद करते हुए कहा कि विगत साढ़े 8 वर्षों में प्रदेश ने नीति स्थिरता, सुशासन और त्वरित कार्य निष्पादन के माध्यम से अभूतपूर्व औद्योगिक परिवर्तन किया है। उत्तर प्रदेश आज संभावनाओं से आगे बढ़कर 'परिणामों' का प्रतीक बन चुका है। प्रदेश में निवेश प्रक्रिया को तकनीक के माध्यम से आगे बढ़ाया जा रहा है। समाचार कक्ष से वेद प्रकाश पाठक।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में यूपी हेल्थटेक कॉन्क्लेव के पहले संस्करण की शुरुआत की। इस अवसर पर उन्होंने आयुष्मान कार्ड को सुरक्षा का एक ऐसा अतिरिक्त ढाल बताया, जो राज्य भर के मेडिकल कॉलेजों, जिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों–सीएचसी, पीएचसी और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में निःशुल्क उपचार सुनिश्चित करता है। श्री योगी ने कहा कि प्रदेश में पचपन लाख परिवारों को आयुष्मान गोल्डन कार्ड जारी किए गए हैं, जिससे प्रति परिवार पांच लाख रुपये तक का निःशुल्क चिकित्सा उपचार संभव हो सकेगा। उन्होंने कहा कि जो परिवार केंद्र सरकार की योजना के तहत नहीं आ सके, उन्हें मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के माध्यम से सहायता प्रदान की जा रही है। स्वास्थ्य क्षेत्र में उपलब्धियों की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले नौ वर्षों के दौरान प्रदेश में स्वास्थ्य क्षेत्र में व्यवहारिक और ऐतिहासिक बदलाव किये गये हैं।

**संस्थागत प्रसव को नेशनल एवरेज के समकक्ष लाने में उत्तर प्रदेश ने सफलता प्राप्त की। उत्तर प्रदेश के अंदर वेक्टर बाउंड डिजीज की एक लंबी श्रृंखला यहां देखने को मिलती थी। इनसेफ्लाइटिस, कहीं डेंगी, कहीं मलेरिया, अलग–अलग क्षेत्रों में यह सभी हमें देखने को मिलते थे लेकिन मुझे बताते हुए प्रसन्नता है। 2017 में हम लोगों ने एक साथ मिलकर के इसके खिलाफ अभियान चलाया। अगले दो वर्ष में इनसेफ्लाइटिस पूरी तरह से समाप्त। आज जीरो डेथ हैड जीरो फॉर दैट यू0पी0 के अन्दर।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ से प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी 2.0 के तहत दो लाख लाभार्थियों के बैंक खातों में सीधे दो हजार करोड़ की अनुदान राशि भेजी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष दो हजार चौदह के पहले किसी को इन योजनाओं का लाभ नहीं मिलता था। सरकार ने बिना किसी भेदभाव के सबका साथ सबका विकास की सोच के साथ हर किसी को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया है। कार्यक्रम में आवास एवं शहरी मामलों के केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर भी वर्चुअली जुड़े।

**********

अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों का छियासीवां सम्मेलन–एआईपीओसी आज से उत्तर प्रदेश विधानसभा में शुरू हो रहा है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे। इक्कीस जनवरी तक चलने वाले इस तीन दिवसीय सम्मेलन के दौरान विधायी प्रक्रियाओं, संसदीय परंपराओं, सदन के संचालन, सुशासन और वर्तमान विधायी मुद्दों पर व्यापक चर्चा होगी। हमारे संवाददाता ने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य पारदर्शी, कुशल और नागरिक–केंद्रित विधायी प्रक्रियाओं के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ सुनिश्चित करना, दक्षता बढ़ाना और लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए विधायकों का क्षमता संवर्धन तथा जनता के प्रति विधायिका की जवाबदेही तय करना है।

**********

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए आज से नामांकन दाखिल किये जाएंगे। पार्टी के राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी के. लक्ष्मण द्वारा जारी चुनाव कार्यक्रम के अनुसार नामांकन दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक दाखिल किए जा सकते हैं। नामांकन पत्रों की जांच शाम 4 बजे से 5 बजे तक होगी और नाम वापस लेने की प्रक्रिया शाम 6 बजे तक रहेगी। प्रक्रिया पूरी होने के बाद आवश्यक हुआ, तो कल मतदान होगा और कल ही भाजपा के नए अध्यक्ष की आधिकारिक घोषणा की जाएगी।

**********

विश्व पुस्तक मेले का 53वां संस्करण कल शाम नई दिल्ली में संपन्न हो गया। राष्ट्रीय पुस्तक न्यास द्वारा आयोजित और नौ दिन तक चले इस मेले में पैंतीस से अधिक देशों के एक हजार से अधिक प्रकाशकों ने भाग लिया। एक रिपोर्ट

**इस वर्ष का विश्व पुस्तक मेला केवल पुस्तकों का उत्सवभर नहीं रहा, बल्कि यह ज्ञान, विचारों और संस्कृति के आदानदृप्रदान का एक जीवंत मंच बनकर उभरा। 9 दिनों तक चले इस भव्य आयोजन में साहित्य ने सीमाओं को लांघते हुए सीधे पाठकों से संवाद स्थापित किया। इस वर्ष के मेले का एक प्रमुख आकर्षण भारतीय सैन्य इतिहास –शौर्य और बुद्धिमत्ता /75 विषय पर आधारित विशेष प्रदर्शनी रही। पुस्तक मेले में प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क रखने के निर्णय की भी लोगों ने भरपूर सराहना की। इसके साथ ही वंदे मातरम के 150 वर्ष और भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर विशेष प्रदर्शनियां आयोजित की गईं। इस वर्ष का विश्व पुस्तक मेला न केवल पुस्तकों का उत्सव रहा, बल्कि वैश्विक साहित्यिक और सांस्कृतिक सहयोग को सशक्त करने वाला एक प्रभावशाली मंच भी सिद्ध हुआ। सकलेन अख्तर, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

गाजियाबाद जिले के थाना टीला मोड़ क्षेत्र में कल शाम एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार दंपति व उनके एक बच्चे की मौके पर मौत हो गई। मृतक दंपति के गंभीर तौर पर घायल दूसरे बच्चे का इलाज चल रहा है। सहायक पुलिस आयुक्त शालीमार गार्डन अतुल कुमार ने बताया कि यह हादसा उस समय हुआ जब दिल्ली के बुराड़ी के रहने वाले एक परिवार के लोग बाइक पर सवार होकर गाजियाबाद के लोनी की तरफ जा रहे थे कि पीछे से आ रहे ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद दंपति और उनके एक बच्चे की ट्रक के पहिए के नीचे दब कर मौत हो गई।

**********

प्रदेश भर में ठंड और कोहरे का प्रभाव बना हुआ है। मौसम विभाग ने आज भी कहीं कहीं घने कोहरे की संभावना व्यक्त की है। विभाग ने अगले दो दिनों के भीतर अधिकतम और न्यूनतम तापमान बढ़ने तथा इसके बाद इसमें दो से तीन डिग्री सेल्सियस के गिरावट का पूर्वानुमान जताया है। विभाग ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बाइस जनवरी से, जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश में तेईस जनवरी से कहीं कहीं बहुत हल्की से लेकर हल्की वर्षा की भी संभावना व्यक्त की है।

**********